# झांसी के 63 गांवों से होकर गुजरेगा 115 किमी लंबा लिंक एक्सप्रेस-वे

## डिफेंस कॉरिडोर एवं बीडा को भी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ने की कवायद शुरू

विकास पथ पर बुंदेलखंड
अमर उजाला अभियान

अमर उजाला ब्यूरो

**झांसी।** झांसी को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ने की कवायद शुरू हो गई। यूपिडा ने 115 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस वे बनाने की दिशा में काम शुरू कर दिया। यह लिंक एक्सप्रेस वे झांसी के गरौठा, टहरौली, मोंठ, झांसी प्रथम एवं द्वितीय तहसील के कुल 63 गांव से होकर गुजरेगा। जिन गांवों से यह एक्सप्रेस वे होकर गुजरेगा, उनके नाम तय हो गए। अब इसके रास्ते को लेकर ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है। एक माह में सर्वे पूरा होने के साथ इसका मार्ग तय हो जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण का काम भी आरंभ हो जाएगा।

एरच स्थित जनरल विपिन रावत डिफेंस कॉरिडोर एवं बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) में सरकार को भारी निवेश की उम्मीद है। इस नाते सरकार इनकी कनेक्टिविटी को बेहतर करने में जुटी है। सड़क मार्ग से इस औद्योगिक गलियारे को बेहतरीन कनेक्टिविटी देने के लिए इसे बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे जोड़ा जाएगा। इसके लिए जालौन से एरच के बीच 115 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस वे बनेगा। इसके बाद एरच से आगे यह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से मिल जाएगा। लिंक एक्सप्रेस वे बन जाने से दिल्ली, लखनऊ, आगरा समेत पूर्वांचल जाने का सड़क बेहद आसान हो जाएगा। बीडा एवं डिफेंस कॉरिडोर को भी इसका फायदा मिलेगा।

### इन गांवों से गुजरेगा लिंक एक्सप्रेस-वे

- गरौठा- गोगल, कुडरी, डुंडी, मलहेटा, अहरौरा, अंडोल, भदरवारा बुजुर्ग, मेढ़का, चक मेढ़का, स्किल बुजुर्ग, नया केरा, लभेरा, गोरा, जुझारपुरा, बिलाटी खेर, रौतनपुरा, टेहरका
- टहरौली शमशेरपुरा, सुरवई, परगाना, रावतपुरा, पथरेंदी, दिनेरा, दिनेरी, फूलखिरिया, कल्याणपुरा स्टेट, कलौथरा घाट
- मोंठ बरहेटा, डबरी, पुराचौर, मुसावली, रामनगर, करगुवां, बरल, मोंठ खुर्द, नंदसिया, देवरा, निबि, खिरियाराम, नरी, सिमथरी, मुडइं, बिरथारी, मुड़गांव
- झांसी प्रथम गंगावली, परासार, पाली परासार, खिरिया पाली, मवई गिर्द, बरगढ़, आरी, कोट, लकरा, रोनिजा, चंद्रा, अंबाबाय, कलोथरा, सारमऊ, सिमरा
- झांसी द्वितीय पुनावली कला, ढिकौली, रक्सा, डगरवाहा
- उरई- फूलपूरा, टिमरौन, गोरन, जैसारी कला, किशोरा, कोटरा, हिलगना, नंधा

### 1300 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान

झांसी से जालौन के बीच प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेस वे की लागत करीब 1300 करोड़ रुपये आंकी गई है। हालांकि अभी लागत अंतिम रूप से तय नहीं हुई है। यूपिडा अफसरों का कहना है कि शुरू में चार लेन का प्रस्ताव है। इसे आने वाले समय में छह लेन तक विकसित किया जा सकेगा। इसके लिए जमीन का अधिग्रहण भी होगा। जमीन अधिग्रहण पर करीब 228 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने कुछ धनराशि भी स्वीकृत कर दी है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जुड़ने से फायदा

296 किलोमीटर लंबा बुंदेलखंड एक्सप्रेस चित्रकूट में झांसी-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-35 पर भरतकूप के निकट से होकर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर इटावा के कुदरैल गांव के पास मिलता है। इससे चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, इटावा जुड़े लेकिन, झांसी वंचित रह गया था। लंबे समय से इसे झांसी से जोड़ने की मांग हो रही थी। झांसी में डिफेंस कॉरिडोर एवं बीडा स्थापित होने के बाद सरकार ने लिंक एक्सप्रेस वे मंजूर किया। इससे झांसी समेत मध्य प्रदेश के भी कई जनपदों का दिल्ली एवं लखनऊ के बीच परिवहन आसान होगा।

झांसी लिंक एक्सप्रेस वे के लिए प्रस्तावित गांवों का ड्रोन सर्वे आरंभ करा दिया गया है। जल्द ही यह काम पूरा करा लिया जाएगा। इसकी मदद से डिफेंस कॉरिडोर एवं बीडा को भी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से जोड़ा जा सकेगा। **– वरुण पांडेय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)**